तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 15 सितंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

खेल हमें अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ जीवन की ओर ले जाते हैं : साव

4



## खबर संक्षेप

### लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिए शिविर 17 से

**जांजगीर-चांपा।** महालेखाकार रायपुर के द्वारा सामान्य भविष्य निधि (क्रेडिट/ डेबिट अनपोस्ट, डोरमेंट, मिसिंग केडिट एवं सेवानिवृत्त, मृत शासकीय सेवकों का पीएफ अप्राप्त) के लंबित प्रकरणों का निराकरण करने हेतु 17 से 19 सितम्बर तक कुल 3 दिवस का जिला कोषालय जांजगीर में शिविर आयोजित किया जाएगा। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी डॉ रूपेश पाठक ने बताया कि उपरोक्त संबंध में सर्व संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारियो को जिला कोषालय द्वारा लंबित प्रकरणों की सूची सहित निराकरण हेतु सूचित किया गया है। इस हेतु संबंधित अभिदाता अपने आहरण एवं संवितरण अधिकारी के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज सहित उपस्थित होकर उपरोक्तानुसार निराकरण करा सकते है। साथ ही ऐसे सामान्य भविष्य निधि अभिदाता जिनका लेखा पर्ची ऋणात्मक हो, वे आनलाईन, आफलाईन अंतिम भुगतान प्रकरण तैयार कर प्रस्तुत करने पर निराकरण की कार्यवाही की जाएगी।

### सेवा सुविधा मोबाइल ऐप प्रारंभ, मिलेगी जानकारी

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग मंत्रालय, अटल नगर, नवा रायपुर के निर्देशानुसार सचिव सह आबकारी आयुक्त श्रीमती आर. शंगिता के मार्गदर्शन में सेवा सुविधा मोबाइल ऐप की शुरुआत की गई है। प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी, जांजगीर-चांपा ने बताया इस मोबाइल ऐप को प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। जिले में संचालित मदिरा दुकानों में कार्यरत मुख्य विक्रयकर्ता, विक्रयकर्ता, एमपीडब्ल्यू एवं सुरक्षा गार्ड अपने-अपने वेतन संबंधी जानकारी इस ऐप से प्राप्त कर सकेंगे। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर इस ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकते है।

### जन चौपाल लगाकर हितग्राहियों से किया जा रहा संवाद

**जांजगीर-चांपा।** केंद्र एवं राज्य सरकार की अत्यंत महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का जांजगीर-चांपा जिले में निरंतर तेज गति से क्रियान्वयन हो रहा है। इस योजना में और ज्यादा प्रगति लाने के लिए कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में जिले में हितग्राहियों के बीच जन चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत ग्राम पंचायतों में जिला एवं जनपद पंचायत की तकनीकी सहायकों की टीम हितग्राहियों से संवाद कर उनकी समस्याओं का निराकरण कर रही है। जनचौपाल से आवास निर्माण में बेहद कारगर प्रगति देखने को मिल रही है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि आवास पूर्ण करने के लिए ग्राम पंचायत में हितग्राहियों के बीच चौपाल लगाकर संवाद किया जा रहा है। तकनीकी टीम के द्वारा निर्माण कार्यों की सतत निगरानी भी हो पा रही है।

### सामुदायिक पुलिसिंग के तहत जागरुकता कार्यक्रम

**नवागढ़।** नवागढ़ पुलिस द्वारा ग्राम बुडेंना में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गांव में महिला कमांडो का भी गठन किया गया। साथ ही सायबर अपराध से बचने, ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे भी जानकारी दी गई। इसके अलावा डिजिटल अरेस्ट से बचने, मोबाइल पर किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, नशा पान सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव, नाबालिको के द्वारा वाहन नहीं चलाने, मोटरसायकल में ट्रिपल सवारी नहीं चलने, हेलमेट का उपयोग करने व यातायात नियम के पालन करने की जानकारी ग्रामीणों को दी गई।

## मुख्यमंत्री ने साल की शुरुआत में लोकार्पण कर दी थी सौगात

# छह माह बाद ही 3 करोड़ की लागत से बना खेल स्टेडियम हुआ बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




देखरेख के अभाव में स्टेडियम में उगे घास व स्टेडियम का बंद गेट।

जिला मुख्यालय जांजगीर के खोखराभांठा स्थित मैदान को 3 करोड़ खर्च कर सर्वसुविधायुक्त स्टेडियम बनाया गया। स्टेडियम में रनिंग ट्रैक के साथ ही बैडमिंटन, टेनिस, क्रिकेट व अन्य खेल के लिए व्यवस्था बनाई गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 6 जनवरी को इसका लोकार्पण किया। शुरुआती दिनों में मैदान की सजावट देखते ही बनती थी। अब छह माह बाद ही स्टेडियम बदहाल हो चका है। देखरेख के अभाव में खेल स्टेडियम की हालत दिनों दिन बद्तर होती जा रही है। स्थिति यह है कि आए दिन स्टेडियम में ताला लटका रहता है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर के मुनुंद रोड में करोड़ों रुपए की लागत से स्टेडियम का निर्माण खेल एवं युवा कल्याण विभाग के साथ ग्राम पंचायत के सहयोग से कराया गया है, ताकि प्रतिभावान युवा एवं छोटे बच्चे खेल के माध्यम से आगे बढकर जिला एवं प्रदेश स्तर पर अपना नाम रोशन कर सके। जिले में क्रिकेट, फुटबाल, बास्केटबाल, हॉकी, शतरंज एवं मलखंभ सहित अन्य खेलों में अपना प्रतिभा दिखाने वाले खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है, लेकिन सबसे बड़ी समस्या खेल मैदान की है, जिसके चलते खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर नहीं मिल पाता। कुछ इसी तरह की समस्या जिला मुख्यालय जांजगीर में बनी हुई है। 3 करोड़ रुपए खर्च करके मुनुंद रोड में स्टेडियम तो बना दिया गया है। वहीं रख रखाव एवं अन्य कारणों के चलते स्टेडियम में आए दिन ताला लटका रहता है। स्थिति यह है कि इन दिनों बरसात का मौसम चल रहा है। वहीं मैदान में बड़ी मात्रा में घास फूस उग आए है। घास फूस की सफाई को लेकर जिम्मेदार खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी ध्यान तक नहीं दे रहे है, जहां गर्मी के दिनों में बड़ी संख्या में बच्चे एवं युवा अपने खेल कला दिखाने के लिए स्टेडियम में अभ्यास करते नजर आए। ऐसी स्थिति सितंबर माह के दौरान देखने को नहीं मिल पा रही है। इधर पहले जहां स्टेडियम की व्यवस्था बनाने को लेकर तत्कालीन कलेक्टर आकाश छिकारा एवं प्रशासनिक टीम द्वारा स्टेडियम का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान खंडहर हो चुके पुराने स्टेडियम के रेनोवेशन के लिए करोड़ रुपए खर्च किए गए। स्टेडियम में साज सज्जा के साथ ही रनिंग ट्रैक, बैडमिंटन, टेनिस, क्रिकेट व अन्य खेलों के लिए व्यवस्था बनाई गई। बकायदा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों 6 जनवरी को इसका लोकार्पण भी कराया गया। शुरुआती दिनों में खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने को ध्यान में रखते हुए रख रखाव किया गया था, लेकिन इसके बाद स्टेडियम की व्यवस्था नहीं सुधर पाई है, जिसके चलते जिला मुख्यालय जांजगीर सहित पेण्ड्री, खोखरा, खोखसा, सुकली, बनारी व सरखों सहित अन्य गांवों के युवाओं को प्रैक्टिस करने का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### कराएंगे रख रखाव

स्टेडियम का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान विभाग के कर्मचारियों को रख रखाव को लेकर निर्देशित किया गया है। जल्द ही व्यवस्था बनाई जाएगी।

-सुब्रत प्रधान,
एसडीएम एवं प्रभारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग जांजगीर

# चाकू की नोक पर व्यापारी से 10 लाख की लूट करने वाले गिरफ्तार

## दुकान का नाबालिग कर्मचारी निकला मास्टर माइंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



मामले का खुलासा करते एसपी व पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

नैला मे 6 सितंबर की रात व्यापारी से हुए लूट के मामले में पुलिस ने एक नाबालिग समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वही एक आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस ने आरोपियों से लूट की रकम 10 लाख 44 हजार रुपए बरामद कर ली है। व्यापारी के दुकान मे काम करने वाला नाबालिग ही लूट कर मास्टर माइंड निकला।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नैला निवासी व्यापारी अरुण कुमार अग्रवाल 6 सितंबर की रात बैग में दिनभर की बिक्री रकम लेकर स्कूटी से घर जाने निकला। रास्ते में पहले से घात लगाए लूटेरों द्वारा उसे स्कूटी से गिराकर चाकू दिखाकर बैग में रखे लाखों रूपये को लेकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय सहित पुलिस अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे और निरीक्षण किया तत्काल आरोपियों की पातासाजी के लिए रात में ही साइबर टीम जांजगीर तथा चौकी नैला की अलग टीम गठित की। अलग अलग 4 टीम मामले की जांच में जुटी। पुलिस टीमों द्वारा घटना स्थल के आसपास एवं संभावित आरोपियों का आने जाने रास्ते का सीसीटीवी कैमरो का फुटेज को खंगाला गया। क्षेत्र के बदमाशो एवं व्यापारी के दुकान में कार्य करने वाले कर्मचारियों व संदेहियों से पूछताछ की गई। गोपनीय सूत्र की सूचना और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर व्यापारी के दुकान में काम करने वाले मास्टर माइंड एक विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक एवं क्षेत्र के आदतन बदमाश मुकेश सूर्यवंशी तथा नितेश पंडित उर्फ विक्की को पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। कडाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने 17 दिन पहले लूट की प्लानिंग करने और उसी प्लान के अनुसार 6 सितंबर की रात घटना को अंजाम देकर फरार होना स्वीकार किया। पुलिस ने नाबालिग के साथ ही वार्ड नंबर 2 दर्रीपार नैला निवासी 19 वर्षीय मुकेश सूर्यवंशी पिता श्रीराम सूर्यवंशी और मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम अमोरा निवासी 21 वर्षीय नितेश पंडित पिता उमेश पंडित को गिरफ्तार किया। आरोपियों की निशानदेही पर लूट की रकम 10 लाख 44 हजार रुपए एवं घटना में प्रयुक्त चाकू व सर्जिकल ब्लेड के साथ स्कूटी को बरामद किया गया है। मामले में एक अन्य आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी है।

### शराब दुकान में भी की थी चोरी

इस मामले के साथ डेढ़ माह पहले बोडसरा शराब दुकान मे हुए केश बॉक्स को चुराने का मामला भी पुलिस ने सुलझा लिया गया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने 18 जुलाई को बोड़सरा शराब दुकान का लॉकर तोड़कर लगभग 2.40 लाख रुपये चोरी कर ले जाना और लॉकर को नहर में फेकना स्वीकार किया। पुलिस ने इस मामले में 64 हजार रुपए बरामद किया है। आरोपी मुकेश सूर्यवंशी के खिलाफ थाना जांजगीर में हत्या का प्रयास सहित अन्य अपराधिक मामला भी दर्ज है। बोडसरा शराब दुकान मे चोरी करने और पुलिस की पकड़ में नहीं आने से आरोपियों के हौसला बुलंद हो गया और नैला मे फिर से लूट की घटना को अंजाम दिया, लेकिन इस बार पुलिस ने पूरी सुझबुझ के साथ जांच च की और आरोपियों को ढूंढ निकाला।

# प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने की आत्महत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी।

मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। मामले में आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी सगे भाई हैं। मामला मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम नारियरा का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नरियरा निवासी 23 वर्षीय धन्नु यादव ने 11 सितंबर की रात फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि धन्नु यादव नगर पंचायत नरियरा में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी था। कुछ दिन पहले उसका गांव के ही लक्ष्मण निर्मलकर और रवि निर्मलकर के साथ झगडा हुआ था। लडाई की बात को लेकर पंजीबध्द प्रकरण में राजीनामा होने के लिए दोनों ने उससे 50 हजार रुपए की मांग की थी। ऐसा नहीं करने पर झूठे केस में फंसा देने और नगर पंचायत की नौकरी से निकलवाने की धमकी भी दी। इससे परेशान होकर धन्नु यादव ने फांसी लगाई।

फांसी लगाने के पूर्व धन्नु ने इस संबंध में विडियो बनाकर नगर पचायत ग्रुप में भेजा था। इसी के आधार पर पुलिस ने धारा 108, 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया। विवेचना दौरान गवाहों एवं परिस्थिजन्य साक्ष्यों के अधार पर पुलिस ने 14 सितंबर को 32 वर्षीय लक्ष्मण निर्मलकर और 37 वर्षीय रवि निर्मलकर को गिरफ्तार किया न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया। इस कार्यवाही में मुलमुला थाना प्रभारी पारस पटेल, सहायक उपनिरीक्षक प्रमोद महार, प्रधान आरक्षक बलबीर सिंह, महिला प्रधान आरक्षक बालमती यादव, आरक्षक राजेन्द्र राठौर, प्रकाश द्विवेदी का योगदान रहा।

### खास बात

- सुसाइड से पहले युवक ने वायरल किया था आडियो-विडियो

# 22 किलो गांजा की तस्करी करते दो तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी व जब्त गांजा।

- पुलिस ने जब्त किया 4 लाख 74 हजार रुपए का गांजा

कार में अवैध रूप से गांजा परिवहन करते दो तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 22 किलो से अधिक गांजा जब्त किया गया है। जब्त गांजा की कीमत 4 लाख 74 हजार रुपए बताई जा रही है। मामला शिवरीनारायण थाने का है।

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार 14 सितम्बर को मुखबीर के माध्यम से सूचना मिली कि 2 लोगों के द्वारा कार में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजे का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर शिवरीनारायण पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं कार की घेराबंदी करते हुए उसे रूकवाकर पूछताछ की गई। इस बीच कार की तलाशी लेने पर एक बोरे में रखा करीब 22 किलो 850 ग्राम गांजा मिला, जिसकी कीमत 4 लाख 74 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने गांजा के साथ ही परिवहन में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त कर लिया है। मामले में शिवरीनारायण पुलिस ने लवन जिला बलौदा बाजार निवासी बबलू कुमार साहू पिता रामकुमार साहू उम्र 25 वर्ष एवं अर्जुन चंद्राकर पिता नरोत्तम चंद्राकर उम्र 24 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया गया है। वही घटना में प्रयुक्त कार क्रमांक सी जी 10 एफ ए 1143 को जब्त किया गया। आरोपियो के खिलाफ धारा 20 बी 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी एवं उनके स्टाफ का योगदान रहा।

### एग्रीस्टेक पंजीयन 30 तक

**सक्ती।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य है। एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन नहीं कराने वाले किसान 30 सितम्बर तक पंजीयन करा सकते है।

## 11 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**बाराद्वार।** थाना नगरदा पुलिस ने 11 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ 1 आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार 14 सितंबर को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम सुंदरेली निवासी सूरज कुमार पाटले ग्राम कुधरीटार से सकरेली खुर्द की ओर एक प्लास्टिक बोरी मे अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब भारी मात्रा में रखकर बिक्री करने के लिए जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने बताए स्थान पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की। पुलिस ने सूरज कुमार पाटले के कब्जे से एक सफ़ेद प्लास्टिक बोरी रखे 11 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की। जब्त शराब की कीमत 22 सौ रुपए बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन के सहयोग से हितग्राहियों को एक ही मंच पर मिला न्याय

# नेशनल लोक अदालत में 39971 प्रकरणों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



नेशनल लोक अदालत में उपस्थित न्यायाधीश एवं पक्षकार।

वर्ष 2025 का तीसरा नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, समस्त तालुका न्यायालय एवं राजस्व न्यायालयो मे आयोजित हुआ। जिला एवं सत्र न्यायालय जांजगीर में नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष शक्ति सिंह राजपूत ने दीप प्रवजलित कर किया। नेशनल लोक अदालत में रखे गये 52029 प्रकरणों में से 39971 प्रकरणों का निराकरण हुआ।

प्रधान जिला न्यायाधीश ने सभी को संबोधित करते हुए नेशनल लोक अदालत के महत्व बताते हुए अधिक से अधिक प्रकरण को सफल बनाने आवश्यक सहयोग करने को कहा। इस दौरान जिला प्रशासन के सहयोग से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में ए. डी. आर. भवन के सामने नालसा के योजनाएं नालसा ( मानसिक रूप से बीमार और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015 एवं नालसा नालसा ( गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015 के तहत कार्यक्रम व समस्त विभागों का जागरूकता स्टॉल लगाया गया, जिसमें समाज कल्याण विभाग के द्वारा दिव्यांगजनों हेतु योजनाओं के तहत महिला बाल विकास विभाग जांजगीर महिला स्व सहायता अनुदान, स्पांसरशीप योजना, सुपोषण कीट वितरण, गर्भवती महिलाओं हेतु सधोरी कार्यक्रम, बच्चों का अन्नप्राशन, स्थानीय खाद्य पदार्थ एवं व्यंजन प्रदर्शन, मतस्य विभाग द्वारा अपनी योजनाओ के तहत किसानों को मछली जाल वितरण, श्रम विभाग द्वारा नैनिहाल छात्रवृत्ति योजना एवं मिनीमाता महतारी जतन योजना, स्वास्थ्य विभाग जांजगीर द्वारा आयुष्मान कार्ड योजना एवं सभी प्रकार की ईलाज एवं एच.आई वी. जागरूकता अभियान, पुलिस विभाग द्वारा यातायत जागरूकता, कृषि पशुधन विकास विभाग द्वार योजनाओ के तहत लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ जांजगीर के अध्यक्ष अजय केशरवानी, संघरत्ना भतपहरी प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, राजेन्द्र कुमार वर्मा अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, शैलेन्द्र चौहान प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, गणेशराम पटेल द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, विजय अग्रवाल चतुर्थ जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, प्रियंका अग्रवाल पंचम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, प्रवीण मिश्रा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जांजगीर, मनोज कुमार कुशवाहा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अंजू कंवर प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जांजगीर, चन्द्रप्रताप सिंह द्वितीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जांजगीर, प्रिती पालीवाल तृतीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जांजगीर, ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर अतिरिक्त कलेक्टर, उमेश कुमार कश्यप अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित पक्षकार उपस्थित थे।

# भाई की जमीन हथियाने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



गिरफ्तार आरोपी।

अपने भाई के जमीन पर कब्जा करने के लिए फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार करने के आरोपी को अकलतरा पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया है।

इस संबंध में पुलिस से यह जानकारी मिली कि प्रार्थीया अर्चना खाण्डेल ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके पति पति रामेश्वर प्रसाद खण्डेल की मृत्यु 20 सितंबर 2022 को जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में हो गया था। इसके कुछ दिनों बाद उसके देवर देवेन्द्र खाण्डेल एवं एक अन्य के द्वारा झूठा शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुए प्रार्थीया के पति रामेश्वर प्रसाद खण्डेल की मृत्यु को 20 सितंबर 2022 को अकलतरा में होना बताकर नगर पालिका अकलतरा से प्रार्थीया के पति रामेश्वर प्रसाद खाण्डेल का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करा लिया। उक्त जारी किये गये मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर आरोपी देवेन्द्र खण्डेल एवं एक अन्य आरोपी के द्वारा अपनी भाभी एवं प्रार्थीया को दूसरा विवाह कर लेना बताकर तहसील न्यायालय अकलतरा में राजस्व प्रकरण सन 2022 -2023 को झूठा आवेदन और शपथ पत्र प्रस्तुत किया, लेकिन ओरिजनल मृत्यु प्रमाण पत्र दंतेवाड़ा से बना था जिसके रिपोर्ट पर अपराध धारा कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के जल्द निराकरण के लिए आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ जिस पर आरोपी देवेन्द्र खाण्डेल को हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार करने पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी अकलतरा एवं स्टाफ का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### नेशनल लोक अदालत के अवसर विशाल रक्तदान शिविर

**कटघोरा।** नेशनल लोक अदालत के अवसर पर कटघोरा ब्लड सेंटर के तत्वाधान में अधिवक्ता संघ कटघोरा के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन व्यवहार न्यायालय में आयोजित किया गया। जिस अवसर पर विशेष रूप से श्रीमती मधु तिवारी एडीजे प्रथम कटघोरा, शीलू सिंह एडीजे द्वितीय कटघोरा, हेमंत रात्रे एडीजे तृतीय कटघोरा लोकेश पाटले, सिद्धार्थ सोनी, कु रंजू वैष्णव न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेश पाल अध्यक्ष अधिवक्ता संघ कटघोरा तथा संजय जायसवाल अतिरिक्त शासकीय अधिवक्ता अन्य अधिवक्तागणअन्य उपस्थित रहें।

### मजदूरों की सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : महावीर

**गेवरा दीपका।** एसईसीएल दीपका क्षेत्र में



श्रमिक सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल उठे हैं। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के महासचिव महावीर यादव ने शुक्रवार को प्रबंधन को पत्र लिखकर खदान परिसर में व्याप्त कथित अनियमितताओं पर विरोध जताया। पत्र में उल्लेख किया कि ठेका कंपनियों के कर्मचारियों को अब तक न तो बीटीसी दिया गया है, न ही बी-फार्म भरवाया गया है और न ही कंपनी का पहचान पत्र उपलब्ध कराया गया है। यही नहीं, खदान क्षेत्र में सुरक्षा उपकरणों हेलमेट, सेफ्टी शूज़ और मास्क की भारी कमी बताई जा रही है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति से मजदूरों की जान जोखिम में पड़ रही है। यादव ने मांग रखी कि प्रबंधन सभी ठेका कंपनियों का निरीक्षण कर तत्काल श्रमिकों को प्रशिक्षण, पहचान पत्र और सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि मजदूरों की सुरक्षा से कोई समझौता स्वीकार नहीं होगा। जेसीपी महासचिव ने कहा कि यदि 15 दिनों के भीतर आवश्यक कार्रवाई नहीं की जाती है तो संगठन मजदूरों के साथ मिलकर खदान बंद आंदोलन शुरू करेगा।

### नवीन महाविद्यालय में मनाया गया रजत जयंती समारोह



**उमरेली।** छत्तीसगढ़ नव निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न कार्यालय महाविद्यालय में रजत जयंती समारोह का आयोजन का साप्ताहिक आयोजन किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष पर नवीन शासकीय महाविद्यालय उमरेली में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न आयोजन छात्र-छात्राओं के बीच पूर्ण कराया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ को जानो विकसित छत्तीसगढ़, पोस्टर प्रतियोगिता, सक्षम युवा विकसित छत्तीसगढ़, जैसे विषयों पर प्रश्नोत्तरी, भाषण प्रतियोगिता कराया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्र-छात्राएं शामिल हुए। रजत जयंती समारोह के कार्यक्रम के अंतिम दिवस क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें जनपद पंचायत करतला की अध्यक्ष श्रीमती अशोका बाई कंवर, जनपद उपाध्यक्ष मनोज झा, ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमति सुखबाई कंवर, सोनाराम देवांगन, विधायक प्रतिनिधि तरुण मांझी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जगदीश यादव एवं प्राचार्य अरुण कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रजत जयंती समारोह की उपादेयता एवं विकसित छत्तीसगढ़ के दृष्टि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा।

### शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय में हुए विविध कार्यक्रम



**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार में छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमएम वैष्णव के संरक्षण एवं मार्गदर्शन तथा महाविद्यालय के छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एस कृष्णमूर्ति एवं भूतपूर्व छात्र एवं अभिभावक समिति की संयोजक श्रीमती अंजली कंवर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र एवं जनपद पंचायत पाली के पूर्व सभापति मुकेश जायसवाल बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम एल्युमनाई एसोसिएशन की बैठक एवं पेरेंट्स टीचर मीटिंग आयोजित की गई। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं जिसमें भाषण, प्रश्नोत्तरी एवं सामूहिक चर्चा हैं। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय, डॉ. कार्तिकेश्वर दुबे, डॉ. एमके वर्मा, शिव कुमार दुबे एवं सत्य शर्मा, डॉ. अर्चना बोरकर, डॉ. अनुरमन, डॉ. रानू राठौर, डॉ. उत्सा दास गुप्ता, डॉ. कृष्ण कुमार कश्यप, गुलशन देवांगन, अभिषेक देवांगन, शिव कुमार साहू, सुश्री कीर्ति साहू, गौरव अहीर, इशु, प्रियांशु, हिमांशु, संजना राठौर, अंजली धारी, दिव्यानी साहू, हिंगलेश्वरी साहू, सुमन सोंधिया, साक्षी राठौर, रश्मि यादव, प्रतिभा पटेल, मंजू उपस्थित रहे।

## तैयार हो रहा खसरा नंबर और नक्शा

# राजस्व रिकार्ड की टोपोशीट में नजर आएंगे वनांचल गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पहाड़ों और वन क्षेत्रों में बसे छोटे छोटे गांव को भी अब उनके नक्शे के साथ राजस्व रिकार्ड के टोपोशीट में पहचान मिलेगी। ऐसे ग्रामों का सर्वे का काम पूरा

**खास बात**

- स्वास्थ्य शीट पर चल रहा है राजस्व विभाग का काम

होने के बाद अब उनका स्वाक्यर शीट बनाने का काम राजस्व विभाग में चल रहा है। ऐसे ग्रामों के निवासियों को उनके जमीन के खसरे नंबर के साथ नक्शा भी मिल जाएगा।

जिले के अनसर्वेड ग्रामों के सर्वे का काम पहले से ही चल रहा था। जिसमें शहर और उसके आसपास के लगे ग्रामों को पहले चरण के सर्वे में शामिल किया गया और उनके राजस्व रिकार्ड तैयार करने के बाद उनके नक्शे का अंतिम प्रकाश किया गया और अब वे अनसर्वेड गांव सर्वेड गांव की श्रेणी में आ गए हैं। इसी तर्ज पर अब जिले के दूरस्थ वनांचल और पहाड़ों में बसे ग्रामों को भी शामिल किया जा रहा है। ताकि उनके जमीनों के खसरे के साथ नक्शे भी तैयार किए जा सके। इसके लिए राजस्व विभाग के मैदानी अमलों के द्वारा गर्मी के मौसम में पहाड़ी और वनो से अच्छादित जगहों में बसे छोटे छोटे गांव में जाकर सर्वे किया और एक एक चीज का रिकार्ड तैयार किया गया जिसमें निजी जमीन, राजस्व जमीन, वन भूमि, काला जंगल की जमीन, बड़े झाड़ के जमीन, नजूल भूमि के साथ नदी, नाले, तालाब, जंगल एवं पड़त भूमि की जानकारी लेकर रिकार्ड तैयार किया गया है। ऐसे ग्रामों को सूचीबद्ध करते हुए उनके नक्शों का अंतिम प्रकाशन किया गया है। अब दावा आपत्ति के निराकरण के बाद इन ग्रामों की स्वाक्यर शीट तैयार की जा रही है। जिसे प्रकाशन के लिए राजस्व मंडल रायपुर भेजा जाएगा और वहां से एनआईसी में भेजकर इसे टोपोशीट में दर्ज कर इन दूरस्थ वनांचल पहाड़ी ग्रामों का नक्शा तैयार होने से यहां के निवासी जमीन के भूस्वामी हो जाएंगे।



फाइल फोटो

**संचालन में होगी सहूलियत**

राजस्व रिकार्ड तैयार होने के बाद पहाड़ों और वनों में बसे ग्रामों के निवासियों को शासकीय योजनाओं का लाभ लेने की सुविधा मिलेगी। वहीं प्रशासकीय अमले को योजनाओं के संचालन में बड़ी सहूलियत मिल जाएगी। वर्तमान में अधिकांश वन भूमि और सरकारी भूमि में ग्रामीण खेती कर रहे हैं। जिनके रिकार्ड नहीं होने से उन्हें कृषि से संबंधित शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता। टोपाशीट में आने के बाद ऐसे ग्रामों को उनकी पहचान मिलेगी और शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

# बाढ़ की चपेट में आकर मुक्ति-धाम का आधा हिस्सा बहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुछ दिन पूर्व अहिरन नदी में बाढ़ आने के कारण मालदा घाट स्थित मुक्तिधाम का अधिकांश हिस्सा बह गया है। जिसके कारण अब अंतिम संस्कार में परेशानी का सामना

**खास बात**

- पिचिंग कार्य नहीं होने से अंतिम संस्कार में होगी परेशानी

करना पड़ेगा। पुरानी बस्ती मुक्ति धाम में लगभग तीन वार्ड के लोग अंतिम संस्कार करने ले लिए जाते हैं। यदि मुक्तिधाम के किनारे को बचाने के लिए पिचिंग नहीं किया जाएगा, तो अंतिम संस्कार करने में परेशानी होगी। पंचिंग कार्य नहीं हुआ तो निश्चित ही मुक्तिधाम के शेड का अंतिम संस्कार हो जाएगा और बाढ़ में विलीन हो जाएगा। सबसे पुराना मुक्तिधाम पानी की चपेट में आकर आधा बह चुका है। फिर वैसी बरसात होगी तो निश्चित ही मुक्तिधाम पूरा बह जाएगा, इसमें कोई संदेह नहीं है। नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री जायसवाल के कार्यकाल में मालदा घाट मुक्ति धाम के नदी किनारे 8 लाख रुपए में 2007-08 में पिचिंग कार्य हुआ था। उसके बाद आज दिनांक तक किसी प्रकार का पिचिंग कार्य नहीं हुआ है। अब यह देखना है कि नगर पालिका मुक्तिधाम में कब तक सुधार कार्य करती है। पुरानी बस्ती निवासी अमित जायसवाल समाजसेवी ने कहा कि यदि मुक्तिधाम की समस्या का समय रहते हल नहीं किया जाएगा तो भविष्य में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। वार्ड क्रमांक 10 पुरानी बस्ती पार्षद सुनीता आशीष जायसवाल ने कहा कि मुक्तिधाम अहिरन नदी किनारे काफी वर्षों से बना हुआ है। अब नदी के पानी के कटाव से धीरे-धीरे मुक्तिधाम छोटा होता जा रहा है। इसे बचाने के लिए नगर पालिका फंड से पिचिंग कार्य किया जाए अन्यथा अंतिम संस्कार में परेशानी बढ़ जाएगी।

# शुभम, ममता, शिखा, सौरव ने मारी बाजी





प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रवाल सभा कटघोरा के द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती अग्रसेन जी की जयंती को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाना है। कार्यक्रम को भी रोचक करने के लिए जयंती के पूर्व अग्रवाल सभा के नेतृत्व में अग्रवाल महिला मंडल व नवयुवक मंडल के द्वारा प्रतिदिन अलग अलग प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है आज जो प्रतियोगिता आयोजित की गई उनमें गिलास गिराओ,फन विथ बाल,बाधा दौड़,व मोमबत्ती जलाओ,प्रमुख रहा सभी आयोजनों में समाज के सभी वर्ग के अगरबन्धु बढ़चढ़कर भाग ले रहे हैं यह सभी आयोजन अग्रसेन भवन कटघोरा में ही आयोजित की जाती है सर्वप्रथम गिलास गिराओ में 45 लोगो ने भाग लिया जिसमे सभी ने अपने जोर आजमाते हुए शुभम अग्रवाल प्रथम व आरव अग्रवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया वही फन विथ बाल में ममता अग्रवाल प्रथम व ज्योति अग्रवाल द्वितीय रही बाधा दौड़ में शिखा गोयल प्रथम व शिखा अग्रवाल द्वितीय रही अगली प्रतियोगिता मोमबत्ती जलाओ जिसमे करीब 60 लोगों के द्वारा क्रमवार मोमबत्ती जलाई गई यह प्रतियोगिता पुरुष वर्ग व महिला वर्ग दोनो के लिए कॉमन रखी गई थी जिसमें सौरव अग्रवाल प्रथम व दीपिका गर्ग द्वितीय रही सभी आयोजन काफी रोमांचिक होता है प्रतिदिन होने वाले आयोजनों में आने वाले सभी विजेताओं को 22 सितम्बर को महाराजा अग्रसेन जी की जयंती के दिन मंचस्थ अतिथियों के द्वारा मंच से पुरस्कृत किया जाएगा।

# गांव में खुलेगा अटल डिजिटल सुविधा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनपद पंचायत कोरबा के 30 चयनित गांवों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों का निर्माण किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण योजना को गति देने के लिए 15 सितंबर को जिला पंचायत में एक उच्च-स्तरीय बैठक बुलाई गई है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल क्रांति लाना और सरकारी योजनाओं को सीधे ग्रामीणों तक पहुँचाना है।

अब गाँव के लोगों को छोटी-छोटी ऑनलाइन सेवाओं और सरकारी कामों के लिए शहर की ओर नहीं भागना पड़ेगा। प्रशासन ने जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत 30 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र भवन के निर्माण को हरी झंडी दे दी है। यह कदम ग्रामीण जीवन में एक बड़ा सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता रखता है, जिससे विकास की मुख्यधारा सीधे गाँवों के दरवाजे तक पहुँचेगी। इस महत्वाकांक्षी योजना को साकार करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तेज़ी से काम शुरू हो गया है। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने आधिकारिक पत्र जारी किया है। इस पत्र के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को सूचित किया गया है कि योजना के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक 15 सितंबर को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अध्यक्षता में होगी। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी (ग्रामीण यांत्रिकी सेवा), उप-अभियंता, और संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिवों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि योजना के क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की जा सके। जनपद पंचायत कार्यालय द्वारा उन 30 ग्राम पंचायतों की सूची भी जारी कर दी गई है जहां इन केंद्रों का निर्माण किया जाना है। इस सूची में कोरकोमा, अमलडीहा, दोंदरो, रजगामार, तिलकेजा, उरगा, धनगांव, कुदुरमाल, बेला, भूलसीडीह, गढ़उपरोड़ा, उरगा और जामबहार जैसे कई गांव शामिल हैं।



# शराब दुकान खोलने के खिलाफ भाजपा मंडल ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वार्ड क्रमांक 35 खरमोरा में आबकारी विभाग द्वारा देशी शराब दुकान खोलने की योजना के खिलाफ कोसाबाड़ी मंडल ने विरोध प्रदर्शन किया।

मण्डल अध्यक्ष डॉ.राजेश राठौर के नेतृत्व में पार्षद अजय गोंड, चंद्रलोक सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, मण्डल उपाध्यक्ष श्रीधर द्विवेदी, पवन सिन्हा, गिरधारी साहू, संजय बरेट सहित दर्जनों जागरूक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित होकर आबकारी अधिकारियों को स्थान परिवर्तन के लिए आवेदन सौंपा। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि प्रस्तावित स्थान पर देशी शराब दुकान खुलने से सामाजिक व्यवस्था बाधित होगी। आसपास के मंदिर, स्कूल, सार्वजनिक स्थल एवं निवास क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न होगा। डॉ. राजेश राठौर ने कहा कि यह कदम क्षेत्रवासियों की सुरक्षा, सामाजिक शांति व स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने के लिए उठाया है। यदि हमारी मांग को त्वरित रूप से नहीं माना गया तो हम सशक्त आंदोलन व प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने आवेदन प्राप्त कर इसे उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस दौरान स्थानीय समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण जन भी उपस्थित रहे और अपने समर्थन का जिक्र किया। कोसाबाड़ी मंडल का यह आंदोलन न केवल जनहित की आवाज़ है, बल्कि समाज के समक्ष चेतावनी भी है कि अवैज्ञानिक निर्णयों के विरुद्ध संघर्ष को नकारा नहीं जा सकता। आगामी दिनों में यदि समाधान नहीं हुआ तो मंडल व्यापक स्तर पर आंदोलन को आगे बढ़ाने का निर्णय ले चुका है।



ज्ञापन सौंपते कोसाबाड़ी मंडल के पदाधिकारी।

# ग्रामीणों ने श्मशान घाट को अवैध कब्जा मुक्त कराने कलेक्टर और एसपी से लगाई गुहार



पुलिस से शिकायत करने पहुंचे ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला मुख्यालय से महज 12 किलोमीटर दूर बुंदेली के ग्रामीण जनों ने कलेक्टर और एसपी को एक ज्ञापन सौंपा है ग्रामीणों ने श्मशान घाट को अवैध तरीके से गांव के एक व्यक्ति से कब्जा से मुक्त कराने गुहार लगाया है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि ग्राम पंचायत बुन्देली में स्थित सनकरथी मंझवार समाज के सामाजिक श्मशान घाट कई पिढ़ियों से बना हुआ है, जिसमें ग्राम के ही श्यामलाल कश्यप के द्वारा अवैध कब्जा कर बाडी का निर्माण किया जा रहा है और जो आने जाने का रास्ता बना हुआ है उसे फेसिंग तार से घेर दिया गया है। आने वाले समय में मंझवार समाज के किसी भी व्यक्ति की अचानक मृत्यू होने पर उन्हें श्मशान घाट तक शव को ले जाने में बहुत परेशानी होगा। इस समस्या को लेकर गांव में आपसी बातचीत किया गया, लेकिन उक्त व्यक्ति के द्वारा उल्टा मंझवार समाज के व्यक्ति को अभद्र गाली गलौच एवं मारपीट किया जा रहा है। श्यामलाल के द्वारा श्मशान घाट को घेर देने से मंझवार समाज के सभी व्यक्तियों के समाजिक एवं धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। उक्त श्मशान घाट व उसके रास्त को जोकि बाउण्ड्रीवाल से घेरा जा रहा है उसे तुरंत कब्जा मुक्त कराने की कार्यवाही करें अन्यथा आने वाले समय में होने वाली किसी घटना के लिये शासन प्रशासन जिम्मेदार होगा।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**मालखरौदा, जिला-सक्ती (छ.ग.)**
क्र/1169/ वाचक / अ.वि.अ./2025
मालखरौदा, दिनांक 10.09.2025

प्रति,
(1) सन्तोषी पिता मोहन, (2) अनसुईया पिता मोहन, (3) मानाबाई पिता दयाराम, (4) चन्द्रिका पिता नन्दलाल, (5) चन्द्रकला पिता नन्दलाल, सभी जाति साहू, निवासी ग्राम दर्राभांठा, तहसील अड़भार, जिला सक्ती (छ.ग.)

विषयः- इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 202402311000055/ 3119/ एपीएल/ 24-25 में आगामी पेशी दिनांक 25/09/2025 को उपस्थिति बाबत ।

एतद द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक रत्थूलाल पिता बुधराम एवं 01 अन्य ग्राम दर्राभांठा, तहसील अड़भार, जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा भू-राजस्व संहिता की धारा 44 (1) अंतर्गत निम्न न्यायालय तहसीलदार अड़भार के रा.प्र.क. 202402311000055/ अ-27/23-24 पक्षकार रामकुमार वगैरह बनाम रत्थूलाल वगैरह में पारित आदेश दिनांक 20/03/2024 के विरुद्ध अपील प्रस्तुत किये जाने पर इस न्यायालय में दर्ज रा.प्र.क्र. 202402311000055/ 3119/ एपीएल/ 24-25 पक्षकार रत्थूलाल वि. रामकुमार वगै. ग्राम दर्राभांठा तहसील अड़भार में आगामी पेशी तिथि 25.09.2025 को उपस्थिति हेतु नियत किया गया है।

अतएव आप उक्त पेशी दिनांक 25.09.2025 को इस न्यायालय में अनिवार्यतः उपस्थित होना सुनिश्चित करें। ज्ञात हो कि उक्त दिवस में आपकी अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी जिसकी जिम्मेदार आप स्वयं होंगे।

यह ईश्तहार आज दिनांक 10.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील, मुहर लगाकर जारी किया जाता है।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.)**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग

डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट

डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग

डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच



राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट

डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज


राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्युलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, युरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वसैक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661




# फवाद और वाणी की 'अबीर गुलाल' भारत में हो रही रिलीज

**मुंबई।** फवाद खान और वाणी कपूर की फिल्म 'अबीर गुलाल' पर खूब विवाद हुआ था। विवाद की वजह थी कि इसमें काम करने वाले पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान। बढ़ते विवाद को देखते हुए इस फिल्म को 12 सितंबर को दुनियाभर में रिलीज किया गया है और अब यह फिल्म आखिरकार भारत में रिलीज होने जा रही है। इसी के साथ फिल्म 'अबीर गुलाल' की रिलीज तारीख भी सामने आ गई है। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'अबीर गुलाल' को 26 सितंबर, 2025 को भारत में रिलीज किया जाएगा। एक सूत्र ने कहा, अबीर गुलाल 12 सितंबर को दुनियाभर में रिलीज हो गई है। इंडियन स्टोरीज लिमिटेड की टीम ने अब इसे भारत में रिलीज करने की योजना बनाई है।

लाइफ Style

# पूजा
## इन फिल्मों से मचाएंगी धमाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री पूजा हेगड़े साउथ के साथ-साथ बॉलीवुड में भी काम कर रही हैं। साल 2012 में तमिल फिल्म 'मुगामुदी' से उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था। उसके बाद साउथ की और भी कुछ फिल्मों में काम किया और फिर साल 2016 में ऋतिक रोशन की फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखा।

पूजा की जोड़ी अब तक शाहिद कपूर से लेकर सलमान खान तक कई अभिनेताओं के साथ बन चुकी है। पूजा जल्द ही बॉलीवुड फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में नजर आएंगी। इसका निर्देशन डेविड धवन कर रहे हैं और फिल्म के हीरो हैं वरुण धवन। फिल्म में वरुण की जोड़ी पूजा के साथ बनी हैं और अभिनेत्री मृणाल ठाकुर भी इसमें अहम भूमिका निभा रही हैं। फिल्म में 'बीवी नंबर 1' के हिट गाने 'चुनरी चुनरी' का रिमिक्स भी देखने को मिलेगा। यह फिल्म 10 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में आएगी। खबरें थीं कि पूजा को दुलकर सलमान की फिल्म में साइन किया गया है, जो 'लोकाह चैप्टर 1- चंद्रा' की सफलता का जश्न मना रहे हैं और अब निर्माताओं ने भी फिल्म में उनके नाम पर मोहर लगा दी है और पूजा का स्वागत किया है। डीक्यू41' में पूजा, दुलकर की प्रेमिका बनी हैं। फिल्म में पूजा की एंट्री से प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना नहीं है। उधर निर्माताओं का पूरा भरोसा है कि दुलकर-पूजा की जोड़ी धमाल मचा देगी। सुपरस्टार थलापति विजय पिछले चार दशकों से सिनेमा पर राज कर रहे हैं। अपनी एक्शन थ्रिलर फिल्मों से विजय ने हमेशा से ही बड़े पर्दे पर तूफान लाया है।



## हॉलीवुड मसाला



# चीनी अभिनेता नहीं रहे

**नई दिल्ली।** चीनी गायक, अभिनेता और मॉडल यू मेंगलोंग का निधन हो गया है। उन्होंने 37 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। उनकी मौत बीजिंग स्थित एक इमारत से गिरने से हुई है। मेंगलोंग की प्रबंधन टीम ने अभिनेता के निधन की पुष्टि की है। साथ ही पुलिस ने इस घटना में किसी भी आपराधिक तत्वों के शामिल होने से इनकार किया है। टीम ने अपने बयान में लिखा, 'बेहद दुख के साथ हम सूचित करते हैं कि हमारे प्रिय मेंगलोंग की 11 सितंबर को इमारत से गिरकर मृत्यु हो गई।



# 'छम्मक छल्लो' फेम सिंगर एकॉन को बड़ा झटका...

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर गायक एकॉन कुछ दिनों बाद ही अपनी 29वीं शादी सालगिरह मनाने वाले थे। अब उससे पहले ही उनकी पत्नी टोमेका थियम ने तलाक के लिए अर्जी दे दी है। पीपुल डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, थियम ने गायक एकॉन से तलाक मांगते हुए कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। उन्होंने अपने सेपरेशन की तारीख को 'टीबीडी' के रूप में अंकित किया है। साथ ही उन्होंने बताया कि दोनों की एक 17 साल की बेटी जर्नी है। थियम ने बेटी जर्नी की जॉइंट कस्टडी की मांग करते हुए अनुरोध किया है कि बेटी उनके साथ ही बनी रहे। हालांकि, एकॉन जब चाहें अपनी बेटी से मिल सकते हैं। उन्होंने अदालत से यह भी अनुरोध किया कि उन्हें गुजारे के लिए आर्थिक सहायता मिले पर एकॉन को किसी तरह की सहायता न दी जाए।



# अनुष्का ने सोशल मीडिया से बनाई दूरी...

**मुंबई।** अभिनेत्री अनुष्का शेट्टी मौजूदा वक्त में फिल्म 'घाटी' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उनकी यह फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है और यह बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। अब अनुष्का से जुड़ी एक ऐसी खबर सामने आ रही है, जिससे उनके प्रशंसक यकीनन निराश हो जाएंगे। दरअसल, अनुष्का ने सोशल मीडिया से ब्रेक लेने का ऐलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक नोट साझा कर इसकी जानकारी दी है। अनुष्का ने लिखा, 'नीली रोशनी को मोमबत्ती की रोशनी में बदल रही हूं... कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से दूर रहूंगी। बस दुनिया से फिर से जुड़ने की कोशिश कर रही हूं। स्क्रॉलिंग के अलावा उस जीवन में लौटना चाहती हूं, जहां से हम सबने शुरुआत की थी।




# 'टू मच विद काजोल...' का टीजर जारी

**मुंबई।** ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो के नए टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' की राह दर्शक लंबे समय से देख रहे हैं। खास बात यह है कि इस शो की मेजबानी की जिम्मेदारी काजोल और ट्विंकल खन्ना को सौंपी गई है। अब 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' का टीजर रिलीज हो गया है, जिसमें काजोल और ट्विंकल की झलक दिख रही है। आइए जानें आप यह टॉक शो कब और कहां देख सकते हैं। काजोल और ट्विंकल के टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' का प्रीमियर 25 सितंबर, 2025 से अमेजन प्राइम वीडियो पर होगा। प्राइम वीडियो ने टीजर साझा करते हुए लिखा, 'जब बुद्धि और नटखटपन मिलते हैं, तो नतीजा होता है टू मच। टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' में फिल्म जगत की जानी-मानी हस्तियां शामिल होंगी।

## टीवी मसाला



# 'तारक मेहता..' ने फिर रचा इतिहास, 2 बार गिनीज बुक में भी दर्ज करा चुका नाम

मुंबई। जब भी टीवी के लोकप्रिय धारावाहिकों की बात होती है तो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' का जिक्र जरूर होता है। अपनी शुरुआत से ही से ये दर्शकों की पसंद रहा है। शो को लेकर चाहे कितना ही विवाद क्यों न होता रहे, लेकिन कोई शक नहीं कि इसकी टीम कमाल की है। अब इस शो ने एक और नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। ये टीवी की दुनिया का सबसे लंबा चलने वाला भारतीय सिटकॉम बन गया है।

***4,500 एपिसोड से बना सबसे लंबा चलने वाला भारतीय सिटकॉम*** : साल 2008 में शुरू हुआ निर्माता असित मोदी का ये शो पिछले 17 सालों से लगातार दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। शो ने अपने 4,500 एपिसोड पूरे कर लिए हैं। ये उपलब्धि न केवल भारत के सबसे लंबे समय तक चलने वाले सिटकॉम के रूप में शो की विरासत को आगे बढ़ाती है, बल्कि सालों से परिवार को एक साथ लाने वाली संस्कृति को भी और मजबूत करती है। ये शो पीढ़ी दर पीढ़ी दर्शकों को जोड़ रहा है।

***जश्न मनाने साथ आया शो का पूरा परिवार*** : इस खास मौके को यादगार बनाने के लिए 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' का पूरा परिवार उन लोगों को सम्मानित करने के लिए एक साथ आया, जो शुरुआत से ही इस शो का हिस्सा रहे हैं। लेखकों से लेकर तकनीशियन, सेट डिजाइनर और प्रोडक्शन स्टाफ तक, जिन्होंने लगभग दो दशकों तक पर्दे के पीछे इसे शो की लोकप्रियता बरकरार रखने में अपना बड़ा योगदान दिया। असित ने इस खास मौके पर अपने शो की पूरी टीम के साथ केक काटा।

## 'बिग बॉस 19' में हुआ डबल धमाका



**मुंबई।** सलमान खान की मेजबानी वाले रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' के घर में बहस और टकराव का माहौल बना हुआ है। शो में पहले दिन से ही प्रतियोगियों के बीच ड्रामा, तकरार और दोस्ती का तड़का देखने को मिल रहा है। आने वाले दिनों में इस शो में कई ट्विस्ट और टर्न देखने को मिलने वाले हैं। अब खबर आ रही है कि 'बिग बॉस 19' के घर में डबल एविक्शन हुआ है। 'बिग बॉस' के लाइव अपडेट्स देने वाले पेज पर बताया गया कि नगमा मिराजकर और नतालिया घर से बेघर कर दिया गया है। दोनों प्रतियोगियों को दर्शकों का सबसे कम प्यार मिला, जिसके चलते दोनों को शो से अलविदा कहना पड़ा। आवेज दरबार और मृदुल तिवारी के नाम भी नॉमिनेशन की सूची में शामिल थे। बता दें कि 'बिग बॉस 19' का प्रीमियर जियो हॉटस्टार पर रात 9 बजे और कलर्स टीवी पर रात 10:30 बजे होता है।

# जुनैद और साई की फिल्म 'मेरे रहो' दिसंबर में होगी रिलीज...

**मुंबई।** आमिर खान एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है 'मेरे रहो'। आमिर इस फिल्म का निर्माण मंसूर खान के साथ मिलकर करेंगे, वहीं फिल्म के निर्देशन की कमान सुनील पांडे ने संभाली है। 'मेरे रहो' के हीरो आमिर के बेटे जुनैद खान हैं। इसमें उनकी जोड़ी साई पल्लवी के साथ बनी है। यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। अब 'मेरे रहो' की रिलीज तारीख से पर्दा उठ गया है। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'मेरे रहो' को 12 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। पहले इस फिल्म का शीर्षक 'एक दिन' रखा गया था। खबर थी कि यह फिल्म 7 नवंबर, 2025 को रिलीज होगी, लेकिन अब नई रिलीज तारीख का ऐलान हो गया है। आमिर और मंसूर की जोड़ी इस फिल्म से 17 साल बाद सिनेमा में वापसी कर रही है। दोनों मिलकर 'मेरे रहो' के प्रोडक्शन का काम संभालेंगे।



### साई की पहली हिंदी फिल्म होगी 'मेरे रहो'

साई इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड में कदम रखने वाली हैं। अगर यह फिल्म इसी साल पर्दे पर आती है तो यह साई की पहली हिंदी फिल्म बन जाएगी। इसके बाद उन्हें रणबीर कपूर के साथ हिंदी फिल्म 'रामायण: पार्ट 1' में देखा जाएगा। यह फिल्म 2 भागों में रिलीज होगी। फिल्म का भाग दिवाली, 2026 में रिलीज किया जाएगा, वहीं फिल्म का दूसरा भाग ठीक एक बाद यानी 2027 में दिवाली के मौके पर ही दर्शकों के बीच आएगा।

# 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार का आयोजन 23 को, शाहरुख समेत ये सितारे होंगे शामिल

*मुंबई। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों को लेकर सिनेमा प्रेमियों के बीच एक अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। हर साल देश के चुनिंदा बेहतरीन कलाकारों को ये पुरस्कार दिया जाता है। 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के विजेताओं की घोषणा 1 अगस्त को हुई थी। इस साल शाहरुख खान से लेकर रानी मुखर्जी और विक्रांत मैसी जैसे कलाकारों ने ये पुरस्कार अपने नाम किया है। आइए जानें आखिर 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार का आयोजन कब और कहां होने वाला है।*



### शाहरुख और विक्रांत बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता

शाहरुख ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार अपने नाम किया है। उन्हें उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'जवान' के लिए यह पुरस्कार मिला है। खास बात यह है कि 33 साल के लंबे करियर में यह शाहरुख का पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार है। विक्रांत को भी उनकी सुपरहिट फिल्म '12वीं फेल'(2023) के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला है। उधर रानी को फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार देने का ऐलान किया गया है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पुरस्कार प्रदान करेंगी

बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार का आयोजन 23 सितंबर, 2025 को शाम 4 बजे होगा। हमेशा की तरह इस साल भी यह कार्यक्रम नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित किया जाएगा। शाहरुख, विक्रांत, रानी मुखर्जी, करण जौहर, विधु विनोद चोपड़ा, सुदीप्तो सेन, जानकी बोदीवाला, शिल्पा राव, वैभवी मर्चेंट और अन्य सितारे इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। सभी हस्तियों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पुरस्कार प्रदान करेंगी।

## 'हनु-मान' फिल्म को आमजन तक पहुंचाकर देशभर के दर्शकों से खूब वाहवाही लूटी

# 'मिराई' से धमाकेदार वापसी करने वाले तेजा सज्जा कौन हैं?

*मुंबई। साउथ के अभिनेता तेजा सज्जा की 40 करोड़ रुपये के बजट में बनी फिल्म 'हनु-मान' ने 350 करोड़ रुपये कमाकर बॉक्स ऑफिस पर तूफान उठा दिया था। अब ऐसा ही तहलका मचा रही है तेजा की कम बजट में बनी शानदार वीएफएक्स वाली 'मिराई', जिसे देख लोग कह रहे हैं कि इसके टिकट पर खर्च किया गया एक-एक पैसा वसूल हो जाएगा। उधर फिल्म की जान तेजा के तो कहने ही क्या।*



### दो साल की उम्र में पहली बार की एक्टिंग

तेजा तेलुगू सिनेमा से जुड़े हुए हैं। 1995 में हैदराबाद में जन्में अभिनेता ने वहीं से पढ़ाई पूरी की है। नन्ही उम्र में ही उन्होंने अभिनय जगत में कदम रख दिया था। चिरंजीवी की फिल्म 'चूडालानी' से तेजा ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी और उस वक्त उनकी उम्र महज 2 साल थी। उन्होंने कई सफल फिल्मों में अभिनय किया, जिनमें से ज्यादातर का निर्माण सी. अश्विनी दत्त द्वारा वैजयंती मूवीज के बैनर तले हुआ था।

### बतौर लीड हीरो ये थी पहली फिल्म

30 साल के तेजा दर्जनों तेलुगू फिल्मों का हिस्सा रह चुके हैं। हालांकि, साल 2021 में उन्हें लीड रोल वाली फिल्म मिली थी। फिल्म का नाम 'जॉम्बी रेड्डी' था। इसका निदेशन प्रशांत वर्मा ने किया था। हालांकि, इसके बाद भी उन्हें कई फिल्मों में देखा गया, लेकिन साल 2024 में आई उनकी फिल्म 'हनु-मान' उनके करियर के लिए मील का पत्थर साबित हुई, जिसने आते ही बॉक्स ऑफिस पर सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए और ये ब्लॉकबस्टर साबित हुई।

### क्या 'हनु-मान' से बड़ा धमाका करेगी 'मिराई'?

अब तेजा की फिल्म 'मिराई' को देख बिल्कुल वैसा ही माहौल देखने को मिल रहा है, जैसा 'हनु-मान' के समय मिला था। चर्चा है कि ये पहले दिन की कमाई के मामले में 'हनु-मान' को भी पीछे छोड़ देगी। फिल्म में दानव और भगवान की लड़ाई दिखाई गई है। समीक्षकों और दर्शकों ने कहानी के साथ-साथ इसके वीएफएक्स को भी जबरदस्त बताया है। इसने एक बार फिर दर्शकों को राम नाम के जयकारे लगाने पर मजबूर कर दिया है।

### बॉक्स ऑफिस पर खूब गरजी थी तेजा की 'हनु-मान'

*दक्षिण भारतीय सिनेमा की फिल्म 'हनु-मान' के रिलीज से पहले तक कोई हवा नहीं थी, लेकिन जब फिल्म रिलीज हुई तो लोगों ने इसे जमकर पसंद किया। यही कारण है कि 40 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने 350 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर इतिहास रच दिया था। फिल्म के निर्देशक प्रशांत वर्मा ने अपनी कला का जादू दिखाया और इस फिल्म को आम जन तक पहुंचाकर देशभर के दर्शकों से खूब वाहवाही लूटी।*

**खबर संक्षेप**

## सेवा पखवाड़ा को लेकर मंडल स्तरीय कार्यशाला आयोजित



**पामगढ़।** भाजपा कोड़ाभाट मंडल के ग्राम धरदेई में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा हेतु मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यरूप से श्रीमती नंदनी रजवाड़े जिला महामंत्री, हृदयनारायण यादव जिला मंत्री ,मंडल अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह ,नगर पंचायत अध्यक्ष खरौद गोविंद यादव , उत्तम सोनी मंडल महामंत्री ,सनत साहू मंडल महामंत्री,सरपंच ग्राम पंचायत धरदेई ,कार्यक्रम के संयोजक मधुसूदन देवांगन,सहसंयोजक रितेश सिंह ,प्रखर यादव, और सभी शक्ति केंद्र के प्रभारी ,संयोजक ,सहसंयोजक और सभी भातरीय जनता पार्टी के जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

## 3 साल बाद भी सक्ती को नहीं मिली पाई जिला चिकित्सालय की मान्यता

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से सासंद प्रतिनिधि संजय



रामचंद्र ने सासंद श्रीमती कमलेश जांगडे के दिशा निर्देश पर मुलाकात कर सक्ती जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं हेतु मांग पत्र दिया। संजय रामचंद्र ने जिले में सक्ती को अस्थाई जिला चिकित्सालय घोषित करने के लिए पत्र प्रस्तुत करते हुए स्वास्थ्य मंत्री जी को बताया कि जिला बने हुए 3 साल होने के बाद भी सक्ती को जिला चिकित्सालय की मान्यता नहीं मिली पाई है जिसे स्वास्थय सुविधाओं का अभाव व्याप्त है। जिले में चिरायु स्वास्थ योजना हेतु सतत मॉनिटरिंग की आवश्यकता बताई। चिरायू योजना के तहत बच्चों के शारीरिक, मानसिक आंख व दांतो की देखभाल एवं कान संबंधी बीमारियों से परीक्षण कराने के साथ साथ प्रभावित बच्चों को उच्च स्वास्थ सुविधा दिलाते हुए शासन की योजना को फलीभूत करने की बात रखी। श्रीरामचंद्र ने सक्ती हॉस्पिटल में बंद पड़ी लिफ्ट को जल्द से जल्द चालू करवाने हेतु भी ध्यान आकृष्ट किया। गांव के गरीबों हेतु रक्त जांच परीक्षा तथा लेव सुविधाओं के लिए विभिन्न मशीनों की मांग रखी। गर्भधारण की हुई माताओं के जांच साथ सुलभ प्रसव की सुविधाओं में विशेष सुविधा के साथ विशेषज्ञ डॉक्टरों की सक्ती जिला चिकित्सालय में आपूर्ति की मांग रखी। इसके साथ-साथ मंत्री से सक्ती जिला आने का निवेदन किया स्वास्थ्य मंत्री जी ने शीघ्र ही सक्ती आने का आश्वासन दिया।

## हाईस्कूल पोड़ीशंकर में छात्र-छात्राओं को दिया गया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण



**बम्हनीडीह।** नेशनल लेवल कराटे गोल्ड मेडिलिस्ट श्रेष्ठ द्विवेदी द्वारा शासकीय हाई स्कूल पोडिशंकर मे आत्मरक्षाप्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में नवमी और दसवीं के छात्र छात्राओं नें भाग लिया। प्रशिक्षण में कैसे आपनी और अपने परिवार की सुरक्षा करनी है श्री द्विवेदी के द्वारा बहुत सुन्दर तरीके से समझाया गया। वे मात्र 10 वर्ष के बालक है। खेल दिवस के दिन सांसद एवं कलेक्टर के द्वारा उत्कृष्ट खिलाडी पुरुस्कार से सम्मान प्राप्त कर चुके है। कार्यक्रम मे शासकीय हाई स्कूल के प्राचार्य बसंत चतुर्वेदी नें उनके कार्य की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविस्य की शुभकामनाये दी। कार्यक्रम में प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक कन्या शाला सुकदेव प्रसाद सिदार, व्याख्याता श्रीमती श्वेता शुक्ला, श्रीमती अंजना साव, श्रीमती के. बी. गड़ेवाल उपस्थिती रही।

उप मुख्यमंत्री ने विद्या भारती मध्य क्षेत्रीय व्हालीवॉल एवं खो-खो खेलकूद प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

# खेल हमें अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ जीवन की ओर ले जाते हैं : साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



दीप प्रज्जवलित प्रतियोगिता का शुभारंभ करते उपमुख्यमंत्री अरुण साव।

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित विद्या भारती मध्य क्षेत्रीय व्हालीवॉल एवं खो-खो खेलकूद प्रतियोगिता शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री साव एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा भारत माता एवं सरस्वती माता के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने सभी विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों से कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। अच्छे स्वास्थ्य के लिए खेलना बेहद ज़रूरी है, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। प्रतिदिन कम से कम एक घंटा मैदान में पसीना बहाना चाहिए, क्योंकि यही पसीना जीवन की ऊर्जा और उत्साह को बनाए रखता है। उन्होंने कहा कि जो छात्र-छात्राएं प्रतियोगिताओं में भाग लेने आते हैं, वे अपनी रुचि और लगन से खेल के क्षेत्र में पारंगत होते हैं। मन, समर्पण और संकल्प के साथ खेलने पर ही सफलता मिलती है। आज के आधुनिक भारत में हर खिलाड़ी का लक्ष्य होना चाहिए कि वह न केवल जीते, बल्कि अपने माता-पिता, समाज, राज्य और देश का नाम भी रोशन करे। खेल में हार का कोई अस्तित्व नहीं है या तो खिलाड़ी जीतता है या सीखता है। यह अनुभव जीवन भर काम आता है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि डिप्रेशन, निराशा, अवसाद और दुख को अपनी डिक्शनरी से निकाल फेंकना चाहिए। निराश और परेशान व्यक्ति कभी आगे नहीं बढ़ सकता। जो आत्मविश्वास और ऊर्जा से भरा होगा वही समाज में और जीवन में प्रगति करेगा। असफलता से निराश होने के बजाय उससे सीख लेकर और अधिक मजबूती से आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देना है। राज्य सरकार द्वारा खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएं, प्रशिक्षण, संसाधन और अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम को जुड़ावन सिंह ठाकुर, विवेक सक्सेना, चंद्रशेखर देवांगन ने अपने संबोधन में कहा कि खिलाड़ियों की सहभागिता और उनकी उपलब्धियां हम सबके लिए गर्व की बात हैं। उन्होंने कहा कि जीतना और हारना दोनों ही हमें जीवन का महत्वपूर्ण पाठ सिखाते हैं। खेल जीवन का अहम हिस्सा है इससे हम अपना समुचित विकास कर सकते हैं। इधर प्रतियोगिता को लेकर सुबह से ही विद्यालय परिसर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और अभिभावकों की चहल-पहल से गुलजार रहा। खेल मैदान में अनुशासन, जोश और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। आयोजन समिति के संयोजक डॉ. शांति कुमार सोनी ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में मध्य क्षेत्र के विभिन्न प्रांतों से आए 800 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। चार दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में रोमांचक मुकाबले होंगे और विजयी टीमों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व का अवसर प्राप्त होगा। कार्यक्रम का संचालन ललिता तिवारी एवं आभार प्रदर्शन प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर सांसद श्रीमती कमलेश जांगडे, पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े, प्रदीप नामदेव नगर पालिका अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार साहू, गुलाब सिंह चंदेल, अमर सुल्तानिया, इंजीनियर रवि पांडे, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, प्रशांत ठाकुर, विद्यालय के व्यवस्थापक डॉ. शांति कुमार सोनी, अध्यक्ष हनुमान कुमार देवांगन सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, विद्यालय के प्राचार्य, अध्यापक एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।



## देवी मंदिरों में जोर-शोर से चल रही नवरात्र की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

अंचल के देवी मंदिरों में शारदीय नवरात्रि की तैयारी प्रारंभ हो गई है। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि सोमवार 22 सितम्बर से प्रारंभ हो रही है। घट स्थापना अभिजीत मुहूर्त के साथ नवरात्र प्रारम्भ होगा। मंदिर परिसर की साफ-सफाई के साथ रंग-रोगन का कार्य अंतिम चरण में है। इस वर्ष मंदिर के चारो तरफ को आकर्षक लाईटे व झालरो से सजाया जा रहा है।

■ विद्युत झालर व डिस्को लाईट से सजाया जा रहा मंदिर को

शारदीय क्वार नवरात्रि पर्व को लेकर आदि सिद्ध शक्ति मां चण्डी दाई मंदिर भाटापारा, मां कंकालीन दाई मंदिर में नवरात्रि पर्व को लेकर जोर शोर से आवश्यक तैयारियां चल रही है। मंदिर में रंगरोगन का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। इस बार समिति के सदस्यों ने मंदिर में दर्शनार्थियों के भीड़ से बचने के लिए अलग से प्रवेश द्वार बनाया गया है वहीं श्रद्धालु को मंदिर दर्शन के लिए अलग अलग गेट की व्यवस्था किया गया है ताकि मंदिर में दर्शन के लिए किसी भी प्रकार की दर्शनार्थियों को असुविधा न हो, इसके लिए समिति द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए है। वहीं मंदिर को आकर्षक बनाने के लिए विद्युत झालर और डिस्को लाईट से मंदिरों को सजाया जा रहा है ताकि बिजली की सजावट लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बिन्दु रहेगा। वहीं वहीं मां क्रंकालीन दाई मंदिर भाटापारा समिति के सदस्य लखनलाल देवांगन ने बताया कि नवरात्रि पर्व को लेकर जोर शोर से तैयारी चल रही है। उन्होनें बताया कि इस वर्ष भी पिछले वर्ष की तरह सैकड़ों की संख्या में ज्योति कलश प्रज्जवलित किया जाएगा। जिसका रसीद कटना पहले से ही शुरु हो गया है। मां के भक्त अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए आस्था के ज्योत जलवाते है। इस बार नवरात्रि पर्व को आकर्षक बनाने के लिए सभी समिति के पदाधिकारी व सदस्य अभी से जुट गए हैं।

## भिलौनी में टॉपर्स विद्यार्थियों व शिक्षकों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़



ग्राम पंचायत भिलौनी एवं परिवर्तन ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में 13 सितम्बर को शिक्षक एवं प्रतिभावान छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का सफल आयोजन बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत भिलौनी के अंतर्गत कार्यरत समस्त शासकीय एवं निजी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। साथ ही कक्षा 1ली से 5वीं तक के टॉपर्स विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, शील्ड, कॉपी एवं पेन प्रदान किए गए। कक्षा 6वीं से 12वीं तक के टॉपर्स विद्यार्थियों को उपरोक्त पुरस्कारों के साथ-साथ भारतीय संविधान की प्रति भेंट की गई। बोर्ड कक्षा के टॉपर्स विद्यार्थियों में कुमारी दिव्या केवट कक्षा 5वीं को 500 रुपये नगद राशि, तथा कुमारी सरिता एवं स्वाति (कक्षा 10वीं को ग्राम पंचायत भिलौनी की सरपंच श्रीमती रजनी त्रिलोकी कांत द्वारा एक-एक टैबलेट प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती इंदु बंजारे पूर्व विधायक, पामगढ़ उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में जोगेश्वर बर्मन, जनपद सभापति, ग्राम सरपंच श्रीमती रजनी त्रिलोकी कांत,उप सरपंच चंद्रप्रकाश यादव, रामखिलावन दिनकर ग्राम सचिव एवं पंचायत प्रतिनिधिगण सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के संचालन एवं सफलता में परिवर्तन ग्रुप भिलौनी के सदस्यों राजेश बर्मन, घनश्याम बघेल,त्रिलोकी कांत, दिनेश दिनकर, कलाराम बघेल, कमलेश साहू, गौतम टण्डन, हेमलाल बर्मन, कनक खरे, फिरताराम बघेल, डॉ नरेंद्र बघेल, प्रीतम कांत, हेमंत पंकज, डॉ. सतीश दिनकर, अनिल जांगड़े, अवधेश यादव, गिरधल लहरे, प्रदीप सोनी, राजू भारद्वाज, जितेंद्र निराला, अजय दिवाकर, मनोहर सिंह, दौलत नारंगे, राकेश कांत सहित सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत भिलौनी के सभी स्कूलों के विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी भी उपस्थित रहे।

■ शिक्षक एवं प्रतिभावान छात्र-छात्रा सम्मान समारोह सम्पन्न

## लोक सेवा आयोग प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**जांजगीर-चांपा।** राज्य शासन के आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर द्वारा संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2025 में सफल होने वाले अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रदेश के अभ्यर्थियों को एक लाख की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 उत्तीर्ण करने वाले जिले के पात्र अभ्यर्थी 23 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। पात्रता, शर्तें तथा आवेदन पत्र का प्रारूप विभाग की वेबसाइट एवं जिला की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी इस हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास ब्लॉक-डी, भूतल इंद्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर छ.ग. में अंतिम तारीख तक जमा कर पावती प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक से भी उल्लेखित पते पर भेजा जा सकता है।

## संगठन से ही सत्ता का मार्ग होता है प्रशस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



बैठक में उपस्थित अतिथि एवं नगर मंडल के पदाधिकारी।

17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर भाजपा नगर मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक जिला महामंत्री नंद चौधरी एवं जिला उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी की उपस्थिति में आयोजित की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नंद चौधरी संगठन की शक्ति के बारे मे बताया कि संगठन से ही सत्ता का मार्ग प्रशस्त होता है। हर कार्यकर्ता को पार्टी के निर्देशों का निष्ठा से पालन करना है। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है। यहां एक बूथ अध्यक्ष भी अपनी मेहनत और लगन से राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सेवा पखवाड़ा के सभी कार्यक्रम मे अपनी सहभागिता निभाने आग्रह किया। आशुतोष गोस्वामी ने सेवा पखवाड़ा की विस्तृत जानकार देते हुए बताया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन, रक्त दान, एक पेड़ मां के नाम से वृक्षारोपण कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान, विभिन्न सम सामायिक विषयों पर चित्रकला प्रतियोगिता, दिव्यांग जनों और विशिष्ट कार्य करने वालों का सम्मान कार्यक्रम और 2 अक्टूबर को गांधी जयंती, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती समेत अन्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की बात कहीं। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री गोवर्धन साहू ने और आभार प्रदर्शन सेवा पखवाड़ा के सहसंयोजक आयुष शर्मा ने किया। बैठक में मंडल अध्यक्ष गोपेश तुलस्यान, मंडल महामंते सुमित सिंह चंदेल, सेवा पखवाड़ा के संयोजक श्रीमती सुनीता सिंह, आयुष शर्मा, विकास भारद्वाज, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश पाटले, अनिल शर्मा, संतोष भेड़पाल, गौरी रानी गुईन, पंकजनी धींवर, शांति भारते, लता सिन्हा, रोहिणी उपाध्याय, भारती देवांगन, पार्षद कमलेश वैष्णव, दिनेश दास, हितेश पालीवाल, पिंटू बरेठ, हरप्रकाश धींवर, विनोद निर्मलकर, शांति डहरिया, अहिल डहरिया, अनिल दुबे, राधेश्याम वैष्णव, संतोष निर्मलकर, लक्ष्मी निर्मलकर, राजेश्वर गोड़, घनश्याम राजवाड़े, शंकर गौतम, प्रकाश बोरकर सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

■ सेवा पखवाड़ा को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

## सफलता के लिए मेहनत, लगन के साथ रिस्क भी आवश्यक : सौरभ



छग खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह के साथ उपस्थित चेम्बर के पदाधिकारी

**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ चेम्बर्स आफ कामर्स अकलतरा इकाई के पुनर्गठन के बाद पदाधिकारी एवं सदस्यों की बैठक का आयोजन डी एल सभा कक्ष में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह के आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सौरभ सिंह ने कि किसी भी व्यवसाय में मेहनत लगन के साथ रिस्क लेने की भी आवश्यकता होती है। आपका व्यवसाय ऐसे स्थल पर हो जहां पर माल चढ़ाने उतारने के साथ पर्याप्त पार्किंग की जगह के साथ बड़ी सोच की भी आवश्यकता है। आज के व्यापार में नयी पिढी के लोगों को आगे आने की आवश्यकता है एवं अपने नगर के साथ अपने व्यापार को बिलासपुर रायपुर सहित अन्य स्थानों पर विस्तारित करने की आवश्यकता है। आज सरकार सब्सिडी के साथ बैंक से लोन की सुविधा दे रही है बस हमें आज की आवश्यकता के अनुसार अपने व्यवसाय के स्वरूप को बदलने की आवश्यकता है। आज की आवश्यकता के अनुसार कार्य योजना बना कर नये स्वरुप के साथ अपना व्यवसाय शुरू करें। जहां पर मेरे सहयोग की आवश्यकता होगी आप लोगों को पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। श्री सिंह ने भविष्य में युवाओं के साथ बैठक करने के साथ उनसे संवाद की इच्छा जताई। अकलतरा चैंबर्स के अध्यक्ष विजय केडिया ने कहा कि नगर में कुछ आधारभूत संरचनाओं एवं सुविधाओं का विस्तार हो तो नगर में व्यावसायिक बढ़ोतरी में होगी। नगर के व्यवसायी नगर विकास में अपना योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम को दीनदयाल अग्रवाल, बिहारी ताम्रकार , जुगल लिखमानीया , नवल अग्रवाल एवं अन्य सदस्यों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष सुशील जैन ने किया। बैठक में पंकज जैन, लखन गुप्ता, रतन बंसल प्रकाश वाधवा, मनोज गोयल, महेश भोजासिया, कासिम खान, मोहम्मद यासीन, गौरव अग्रवाल, अमित सब्बरवाल के साथ चेम्बर्स के सभी पदाधिकारी के साथ सद्स्य गण उपस्थित रहे।

**निधन**

### राजीव सिंह बैस

**अकलतरा।** ग्राम तरौद के प्रतिष्ठित नागरिक राजीव सिंह



बैस का 55 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्र सहित भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में परिजन एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।




# प्रतिभा सम्मान समारोह एवं कॅरियर मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद



प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय।

धार्मिक नगरी खरौद में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की स्मृति में चतुर्थ वर्ष 'प्रतिभा सम्मान समारोह एवं कॅरियर मार्गदर्शन' का आयोजन किया गया। यहां 8वीं, 10वीं और 12वीं के 14 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का अतिथियों ने सम्मान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसपी विजय पांडेय थे। अध्यक्षता बस्तर विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. जेके जैन ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मोटिवेशनल स्पीकर एवं सीवायडीएस पुणे के बोर्ड मेम्बर नितेश सिंगरौल, नगर पंचायत के अध्यक्ष गोविंद यादव, पामगढ़ बीईओ मोहन कौशिक, उपाध्यक्ष महेश्वर यादव मौजूद थे। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू स्मृति आयोजन समिति के संयोजक राजकुमार साहू ने कार्यक्रम के उद्देश्य की जानकारी दी। कार्यक्रम में एसपी विजय पांडेय ने छात्र-छात्राओं को जीवन मे आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया, वहीं उनके सवालों का जवाब दिया। मोटिवेशल स्पीकर नितेश सिंगरौल ने खेल-खेल में बच्चों को रोमांचित किया, वहीं उन्हें अलग-अलग उदाहरणों से आगे बढ़ने की दिशा में प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक जागेश्वर सिदार और आभार प्रदर्शन वरिष्ठ व्याख्याता कन्हैया लाल श्रीवास ने किया। इस मौके पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अध्यक्ष मनहरण यादव, वरिष्ठ नागरिक सुबोध शुक्ला, पार्षद हरेकृष्ण साहू, नेहरू राही, नीलम यादव, गेंदबाई आदित्य, परमानन्द रोहिदास, नागरिकगण शिवरात्रि यादव, शरद यादव, गोविंद घृतलहरे, रूपेश यादव, पत्रकार मुकेश सोनी, मेलाराम कश्यप, रमेश कश्यप, एचएल घृतलहरे प्रभारी प्राचार्य, एसआर कश्यप, जेके डडसेना, डीसी देवांगन, श्रीमती बी. यादव, बीएल राठौर, सीके गायकवाड़, एस. केवट, वी तिवारी, प्रमिल यादव व्यायाम शिक्षक, सोमनाथ कश्यप विज्ञान सहायक, एसके ध्रुव सहायक ग्रेड 02, सचिन मिश्रा, अजय कश्यप, जनभागीदारी शिक्षक बलराम आदित्य, स्वीपर सुदामा सिदार, प्रेम आदित्य सहित मिडिल स्कूल से डीके कश्यप प्रधान पाठक, रवि शंकर यादव, कन्हैया लाल श्रीवास, नीलकमल साहू एवं उपेन्द्र ध्रुव संकुल समन्वयक उपस्थित थे।




